
RAS | SI | EO/RO EXAM
UTKARSH
CIVIL SERVICES
#255
DAILY
CURRENT AFFAIRS
WEEKLY
REVISION
Important Questions
LIVE 24 Nov @ 8:00 AM
UTKARSH CLASSES


लक्ष्य
RAS
तैयारी शानदार
Quiz दमदार
UTKARSH CIVIL SERVICES
The 10 Minute Show Daily Quiz &
Daily Current Affairs Weekly Quiz
Offerings
Experienced Educator
FREE Handwritten Panel PDFs
FREE Daily Quiz [Picked from "The 10 Minutes Show"]
FREE Weekly Current Affairs Quiz
[Picked from Daily Current Affairs Class]
ADD TO LIBRARY
Scan The QR Code
Note:- Daily current affairs -
साप्ताहिक क्विज प्रत्येक रविवार को होगा।
Sunday


UTKARSH
CIVIL SERVICES
WEEKLY
CURRENT
AFFAIRS


CIVIL
SERVICES


UTKARSH CLASSES
CIVIL SERVICES
बस हिम्मत रखो जीवन की शुरुआत
कहीं से भी की जा सकती है।
दुनिया की कोई परेशानी आपके
साहस से बड़ी नहीं है।

Q. वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'इंटेलीजेंट ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन' (IHCI-2025) का मुख्य फोकस क्षेत्र क्या था?

(a) केवल मानव-मशीन इंटरेक्शन में स्थिरता और नैतिक मुद्दे।

(b) क्वांटम कंप्यूटिंग और सस्टेनेबल इंजीनियरिंग।

(c) मानव एवं मशीन इंटेलिजेंस के बीच इंटरेक्शन, फेयर और एक्स्प्लेनेबल एआई (XAI) तथा सैन्य प्रणालियों में एआई की भूमिका।

(d) केवल पारंपरिक प्रोग्रामिंग भाषाओं में चुनौतियाँ।

UTKARSH CIVIL SERVICES
UTKARSH CLASSES

[c]

## वनस्थली विद्यापीठ में आईएचसीआई सम्मेलन



UTKARSH CIVIL SERVICES

**व्याख्या:**

- **IHCI-2025 सम्मेलन का 17वाँ संस्करण 14-16 नवंबर 2025 तक वनस्थली विद्यापीठ, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें 25 देशों के 300 से अधिक विद्वानों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने फेयर और एक्स्प्लेनेबल एआई (XAI), स्पोर्ट्स एन्विरॉन्मेंट्स, सस्टेनेबल एआई और सैन्य प्रणालियों में एआई की भूमिका जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए।**

UTKARSH CLASSES

UTKARSH CIVIL SERVICES

**Q. राजस्थान के [illegible]वें नए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. वह 1989 बैच के आईएएस अफसर हैं और 'इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड' (IMF) में भारत के एडवाइज़र टू एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में कार्य कर चुके हैं।
2. वह अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS) के अध्यक्ष बने हैं, यह उपलब्धि पाने वाले वे पहले भारतीय आईएएस हैं।
3. मुख्य सचिव पद के साथ-साथ उनके पास खान एवं खनिज निगम लिमिटेड, उदयपुर के चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

(a) केवल एक कथन
(b) केवल दो कथन
(c) सभी तीनों कथन
(d) कोई भी कथन नहीं

[c]

## राजस्थान के नए मुख्य सचिव : वी. श्रीनिवास



व्याख्या: दिए गए सभी तीनों कथन सही हैं।

- वी. श्रीनिवास (1989 बैच, राजस्थान कैडर) ने सुधांश पंत का स्थान लिया है।
- उन्होंने डिजिटल एम्स प्रोजेक्ट जैसे कार्यों के माध्यम से डिजिटल भारत के सपने को साकार करने में विशेष भूमिका निभाई है।
- IIAS के अध्यक्ष बनने वाले वे पहले भारतीय आईएएस हैं।

CIVIL SERVICES

Q. राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह 15 नवंबर 2025 को डूंगरपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शुरू की गई 'सौंध माटी आदिधरोहर प्रलेखन योजना' का उद्देश्य क्या है?

(a) जनजाति कलाकार वाद्य यंत्रों, पाक कला, आस्था केंद्रों और भित्ति चित्रों जैसे ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं को संरक्षित करना।

(b) जनजातीय क्षेत्रों में केवल एकलव्य आवासीय विद्यालयों के निर्माण के लिए वित्तपोषण जुटाना।

(c) मा-बाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना।

(d) वन धन केंद्र और कृषि मिनिकिट योजनाओं को आदिवासी क्षेत्रों तक विस्तारित करना।

UTKARSH CLASSES

[a]

## राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह



**व्याख्या:**

- जनजातीय गौरव दिवस (15 नवंबर) के अवसर पर डूंगरपुर में आयोजित इस समारोह में सौंध माटी आदिधरोहर प्रलेखन योजना शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य जनजाति संस्कृति, कला (काष्ठ व प्रस्थर कला, चित्रकारी) और ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं को प्रलेखित करके संरक्षित करना है।

Q. सड़क निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रोफेसर पृथ्वी सिंह कांधल को वर्ष 2025 का 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया। वह किस संस्था के एसोसिएट डायरेक्टर एमेरिटस हैं?

(a) भारतीय सड़क कांग्रेस (IRC)।

(b) यूएसए के ऑबर्न विश्वविद्यालय स्थित नेशनल सेंटर फॉर एस्टफॉल्ट टेक्नोलॉजी (NCAT)।

(c) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार।

(d) भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (IIP)।

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- प्रोफेसर कांधल को यह पुरस्कार भारतीय सड़क कांग्रेस (IRC) के 84वें वार्षिक सत्र (भुवनेश्वर) में प्रदान किया गया। वह वर्तमान में यूएसए के ऑबर्न विश्वविद्यालय स्थित नेशनल सेंटर फॉर एस्टफॉल्ट टेक्नोलॉजी (NCAT) में एसोसिएट डायरेक्टर एमेरिटस हैं। उन्होंने भारत में एस्टफॉल्ट रोड निर्माण पर पहली टेक्स्टबुक 'बिटुमिनस रोड कंस्ट्रक्शन इन इंडिया' लिखी।

Q. 'गोल्डन दादी' पाना देवी गोदारा (उम्र 94 वर्ष, बीकानेर निवासी) ने 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप, चेन्नई में कितने स्वर्ण पदक जीते?

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 16

[c]

**गोल्डन दादी पाना देवी को 4 गोल्ड**



CIVIL SERVICES

**व्याख्या:**

- पाना देवी गोदारा ने 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप, चेन्नई में चार स्वर्ण पदक (गोल्ड) जीते हैं। उन्होंने 100 मीटर दौड़, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो और डिस्कस थ्रो—इन चारों प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीते। अपने करियर में उन्होंने अब तक 16 गोल्ड मेडल जीत लिए हैं।

UTKARSH CLASSES

Q. मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (MAHSR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह कॉरिडोर जापानी शिंकानसेन प्रणाली (E5 सीरीज) तकनीक का उपयोग करेगा।
2. यह परियोजना 81 प्रतिशत जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) से प्राप्त सॉफ्ट लोन द्वारा वित्त पोषित है।
3. कॉरिडोर की कुल लंबाई 508.18 किमी है, जो केवल महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों को जोड़ेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

UTKARSH CLASSES

[b]

**मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (MAHSR)**



**व्याख्या:**

- कथन 1 और 2 सही हैं।
- कथन 3 गलत है। 508.18 किमी का यह कॉरिडोर महाराष्ट्र (156 किमी), गुजरात (352 किमी) और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली को जोड़ेगा।

Q. बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में आयोजित '20th इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग सेरेमनी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. समारोह का आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC) द्वारा किया जा रहा है।
2. भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दी गई है।
3. त्रिपिटक, बौद्ध धर्म का प्रमुख धार्मिक ग्रंथ है, जो मूल रूप से संस्कृत भाषा में लिखा गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?


(a) केवल दो कथन
(b) केवल एक कथन
(c) सभी तीन कथन
(d) कोई भी कथन नहीं

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[a]

## 20th इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग सेरेमनी



**व्याख्या:**

- कथन 1 और 2 सही हैं।
- कथन 3 गलत है। बौद्ध धर्म के अधिकतर धार्मिक ग्रंथ, खासकर त्रिपिटक, मूल रूप से पाली भाषा में ही लिखे गए हैं।

Q. INS माहे, जिसे हाल ही में भारतीय नौसेना में कमीशन किया जाएगा, किस श्रेणी का पनडुब्बी रोधी युद्धक जलयान (ASW-SWC) है?

(a) कामोर्ता-क्लास

(b) शिवालिक-क्लास

(c) प्रोजेक्ट-15

(d) माहे-क्लास

[d]

**INS माहे**





व्याख्या: INS माहे पनडुब्बी रोधी युद्धक जलयान (ASW-SWC) की माहे-क्लास का पहला जहाज़ है।

- निर्माण: कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL), कोच्चि द्वारा।
- स्वदेशी सामग्री: इसका निर्माण 80 प्रतिशत से ज़्यादा स्वदेशी सामग्री से हुआ है।
- नामकरण: इसका नाम मालाबार तट पर स्थित ऐतिहासिक तटीय शहर माहे के नाम पर रखा गया है।

CIVIL SERVICES

**Q. क्षेत्रीय परिषदों (Zonal Councils) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. क्षेत्रीय परिषदें राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के तहत स्थापित वैधानिक निकाय हैं।
2. उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् में राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ शामिल हैं।
3. क्षेत्रीय परिषदों की बैठकों की अध्यक्षता सदस्य राज्यों में से एक राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

केन्द्रीय गृह & सहकारिता मंत्री।

UTKARSH CLASSES

[a]

**व्याख्या:**

- कथन 1 और 2 सही हैं।
- कथन 3 गलत है। क्षेत्रीय परिषदों की बैठकों की अध्यक्षता केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा की जाती है। सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्री परिषद् के उपाध्यक्ष होते हैं, जो हर साल बदलते रहते हैं।

CIVIL SERVICES

Q. दुबई एयर शो 2025 में भारत की भागीदारी के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है?

(a) भारत ने केवल सुखोई-30 MKI लड़ाकू विमान को प्रदर्शन के लिए भेजा।

(b) सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम और एलसीए तेजस लड़ाकू विमान ने भारत की प्रभावशाली भागीदारी दर्ज कराई, और भारत ने एक अंतर्राष्ट्रीय रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता भी की।

(c) भारत इस एयर शो में केवल एक पर्यवेक्षक देश के रूप में शामिल हुआ।

(d) इस शो का मुख्य फोकस केवल बोइंग और एयरबस जैसी कंपनियों के वाणिज्यिक विमानों पर था।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[b]

## दुबई एयर शो 2025: वैश्विक एयरोस्पेस में भारत का बड़ा कदम



**व्याख्या:**

- दुबई एयर शो 2025 में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम और एलसीए तेजस लड़ाकू विमान शामिल थे, जिसने भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता को प्रदर्शित किया। भारत ने यूएई के साथ उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता भी की।

CIVIL SERVICES

Q. भारत-फ्रांस एयर ड्रिल गरुड़-2025 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(a) यह एक नौसैनिक अभ्यास है जो हर दो साल में हिंद महासागर में आयोजित होता है।

(b) भारतीय वायुसेना के राफेल फाइटर जेट और फ्रांस के सुखोई-30 MKI लड़ाकू विमान ने भाग लिया।

(c) इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई लडाकू विमान और फ्रांस के राफेल फाइटर जेट कृत्रिम युद्ध वातावरण में संयुक्त उड़ानें भरेंगे।

(d) यह अभ्यास भारत और फ्रांस के बीच "वरुण" नामक एक संयुक्त सैन्य अभ्यास का हिस्सा है।

UTKARSH CLASSES

[c]

## भारत-फ्रांस एयर ड्रिल गरुड़-2025



CIVIL SERVICES

**व्याख्या:**

- गरुड़ अभ्यास एक द्विपक्षीय वायु अभ्यास है जो फ्रांस के मोंट-डी-मार्सन एयर बेस पर आयोजित किया जा रहा है।
- इसमें भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई और फ्रांस के राफेल फाइटर जेट शामिल हैं।
- इसका उद्देश्य सामरिक अनुभव साझा करना और अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग को सशक्त बनाना है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. राष्ट्रीय प्रेस दिवस (16 नवंबर) किस ऐतिहासिक घटना का प्रतीक है और वर्ष 2025 के लिए इसका विषय (Theme) क्या है?

(a) वर्ष 1979 में भारतीय प्रेस परिषद का पुनर्गठन; "आवाज़ों को सशक्त बनाना, लोकतंत्र को मजबूत करना"


(b) वर्ष 1966 में भारतीय प्रेस परिषद (PCI) की स्थापना; "रिपोर्टिंग इन द ब्रेव न्यू वर्ल्ड - द इम्पैक्ट ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑन प्रेस फ्रीडम एंड द मीडिया"।

(c) 30 मई को भारत का पहला हिंदी अखबार 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन; "पत्रकारिता में उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखना"।

(d) 16 नवंबर 1956 में प्रथम प्रेस आयोग का गठन; "Safeguarding Press Credibility Amidst Rising Misinformation"।

16 Nov.

[b]


राष्ट्रीय प्रेस दिवस - 2025
NATIONAL PRESS DAY 2025
NOV 16
Safeguarding Press Credibility Amidst Rising Misinformation

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय प्रेस दिवस प्रतिवर्ष 16 नवंबर को भारतीय प्रेस परिषद (PCI) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- **2025 का विषय:** "रिपोर्टिंग इन द ब्रेव न्यू वर्ल्ड - द इम्पैक्ट ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑन प्रेस फ्रीडम एंड द मीडिया"।
- PCI एक स्वतंत्र निकाय है जिसका प्राथमिक उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करना और पत्रकारिता में उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखना है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. भारतीय तीरंदाज कुशल दलाल ने जीटी ओपन इंडोर वर्ल्ड सीरीज़ 2025 में पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता किस देश में आयोजित की गई थी?

(a) भारत
(b) लक्ज़मबर्ग
(c) ऑस्ट्रेलिया
(d) फ्रांस

UTKARSH CLASSES

[b]

## कुशल दलाल ने जीती ओपन इंडोर वर्ल्ड सीरीज़ 2025 में पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता



व्याख्या:

- भारतीय तीरंदाज कुशल दलाल (20 वर्षीय) ने लक्ज़मबर्ग के स्ट्रासन में जीटी ओपन इंडोर वर्ल्ड सीरीज़ 2025 में पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है। भारत ने इसी स्पर्धा में गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु के कांस्य पदक का भी जश्न मनाया।

CIVIL SERVICES

Q. चौथा राष्ट्रीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्पोर्ट्स मीट 2025 का आयोजन किस शहर में किया गया?

(a) नई दिल्ली

(b) राउरकेला (ओडिशा)

(c) भोपाल

(d) रांची

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- इस स्पोर्ट्स मीट का आयोजन राउरकेला (ओडिशा) में किया गया। इसका आयोजक जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा सोसाइटी (एनईएसटीएस) है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. उत्तर क्षेत्रीय परिषद् की 32वीं बैठक में राजस्थान के प्रदर्शन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. सौर ऊर्जा उत्पादन की स्थापित क्षमता में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।
2. विश्व की वृहद अन्न भंडारण योजना के प्रथम चरण में 500 मीट्रिक टन क्षमता के 70 गोदामों का निर्माण पूर्ण कर राज्य देश में प्रथम स्थान पर है।
3. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत 'गिव अप अभियान' में लगभग 45 लाख सक्षम लोगों ने अपना लाभ छोड़ा है।
4. स्वास्थ्य बीमा कवरेज के तहत 88% आबादी कवर हुई है, जो देश में सबसे अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

(a) केवल दो
(b) केवल तीन
(c) सभी चार
(d) कोई नहीं

CIVIL SERVICES

[c]

## उत्तर क्षेत्रीय परिषद् की 32वीं बैठक




UTKARSH CLASSES

**व्याख्या:** दिए गए सभी कथन सही हैं।

- **सौर ऊर्जा:** राजस्थान 29.5 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता के साथ प्रथम स्थान पर है । PM कुसुम योजना कंपोनेंट-ए एवं कंपोनेंट-सी में 2,215 मेगावाट क्षमता के विकेंद्रित संयंत्र स्थापित किए गए हैं ।
- **अन्न भंडारण:** 500 मीट्रिक टन क्षमता के 70 गोदामों का निर्माण पूर्ण कर राज्य देश में प्रथम स्थान पर है ।
- **पुलिस प्रतिक्रिया समय:** पुलिस मोबाइल यूनिटों की संख्या बढ़ाने से औसत प्रतिक्रिया समय 21 मिनट से घटकर लगभग 13 मिनट पर आ गया है ।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. उत्तर क्षेत्रीय परिषद् (NZC) के संरचना और उद्देश्यों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. NZC की स्थापना राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में की गई है।
2. परिषद की बैठकों की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री करते हैं, जबकि सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्री बारी-बारी से उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।
3. उत्तर क्षेत्रीय परिषद् में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हरियाणा और चंडीगढ़ शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1 और 3

[c]

**व्याख्या: दिए गए सभी कथन सही हैं।**

- **उद्देश्य: ये परिषदें केंद्र और सदस्य राज्यों के बीच अंतरराज्यीय सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देती हैं।**
- **ANZUS: पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक अलग परिषद है, जिसे पूर्वोत्तर परिषद (NEC) कहा जाता है, जिसकी स्थापना 1972 में हुई थी।**

UTKARSH CLASSES

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. वन्यजीव संरक्षण के लिए 'कैप्टिव एनिमल स्पॉन्सरशिप' के तहत कोटा बायोलॉजिकल पार्क में NTPC ने कितनी प्रजातियों के कितने वन्यजीवों को गोद लिया है?

(a) 10 प्रजातियों के 5 वन्यजीव।
(b) 5 प्रजातियों के 10 वन्यजीव।
(c) 5 प्रजातियों के 5 वन्यजीव।
(d) 10 प्रजातियों के 10 वन्यजीव।

UTKARSH CLASSES

[b]

**प्रदेश में पहली बार टाइगर, पैंथर समेत प्रजातियों के दस वन्यजीव गोद लिए गए**







CLASSES

**व्याख्या:**

- कोटा बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीव संरक्षण के लिए NTPC ने पाँच प्रजातियों के दस वन्यजीवों (जिनमें टाइगर, पैंथर, हायना शामिल हैं) को एक वर्ष के लिए गोद लिया है। यह वन्यजीव गोद लेने की राजस्थान में पहली बड़ी पहल है। NTPC ने इसके अलावा 1500 पौधे लगाने के लिए भी सहयोग दिया है।

CIVIL SERVICES

**Q.** ग्लोबल टाई समिट (TGS)-2026 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसका आयोजन टाई राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार की साझेदारी से जयपुर में 4 से 6 जनवरी 2026 तक किया जाएगा।
2. समिट का मुख्य उद्देश्य टियर-1 और टियर-2 शहरों के स्टार्टअप्स को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।
3. इसमें 10,000 से अधिक उद्यमी और 500 से अधिक निवेशक भाग लेंगे, जिससे राजस्थान को टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का हब बनाने की दिशा मिलेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1 और 3

[d]

# ग्लोबल टाई समिट के लिए टाई राजस्थान ने मध्यप्रदेश सरकार से साझेदारी की



व्याख्या: दिए गए सभी कथन सही हैं।

- टाई राजस्थान एक गैर-लाभकारी संस्था है ।
- समिट का मुख्य उद्देश्य टियर-2 और टियर-3 शहरों के स्टार्टअप्स को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।
- इस समिट में स्टार्टअप शोकेस, पिच सेशन, गेमिंग हेकाथॉन और महिला उद्यमिता सेमीफाइनल जैसे आकर्षक आयोजन होंगे ।

Q. राजकॉप सिटीजन ऐप के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सी सुविधा प्रदान नहीं की जाती है?

(a) FIR की प्रतियाँ डाउनलोड करना, सिवाय यौन अपराधों में पीड़ितों की पहचान से संबंधित मामलों के।

(b) SOS सुविधा के माध्यम से तत्काल पुलिस सहायता और स्थान का पता लगाना।

(c) किरायेदार/नौकर सत्यापन और चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया को सरल बनाना।

(d) विवादास्पद भू-संपत्ति के मामलों का निपटारा और कानूनी सलाह प्राप्त करना।

[d]

## राजकॉप सिटीजन ऐप को करीब 20 लाख लोगों ने डाउनलोड किया



UTKARSH CIVIL SERVICES

**व्याख्या:**

- राजकॉप सिटीजन ऐप पुलिस और सरकारी सेवाओं तक आसान पहुँच प्रदान करता है, लेकिन इसका कार्यक्षेत्र आपराधिक न्याय और सार्वजनिक सुरक्षा से संबंधित है। विवादास्पद भू-संपत्ति के मामलों का निपटारा और कानूनी सलाह इसकी सेवाओं में शामिल नहीं है। ऐप को करीब 20 लाख लोगों ने डाउनलोड किया है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. 5वें लेखापरीक्षा दिवस (16 नवंबर) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह दिवस वर्ष 1966 में भारतीय प्रेस परिषद (PCI) की स्थापना का प्रतीक है।
2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) को 1950 में भारत के संविधान को अपनाने के साथ एक संवैधानिक प्राधिकरण के रूप में मान्यता दी गई।
3. सर एडवर्ड ड्रुमंड 16 नवंबर 1860 को भारत के प्रथम महालेखा परीक्षक बने।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

CAG
148 → 151
राष्ट्रपति

[b]

**व्याख्या:**

- कथन 1 गलत है। 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है, जो 1966 में PCI की स्थापना का प्रतीक है । लेखापरीक्षा दिवस 1860 में सर एडवर्ड ड्रमंड के प्रथम महालेखा परीक्षक बनने के साथ संस्थागत लेखा परीक्षा की औपचारिक शुरुआत को याद करता है ।
- **विषय:** 5वें लेखापरीक्षा दिवस (2025) का विषय 'सार्वजनिक खजाने का संरक्षक' था ।

UTKARSH CLASSES

UTKARSH CIVIL SERVICES

**Q. कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (CSC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. CSC की स्थापना 2020 में भारत, श्रीलंका और मालदीव के बीच समुद्री सहयोग पर हुई थी।
2. बांग्लादेश हाल ही में पांचवें सदस्य राज्य के रूप में आधिकारिक तौर पर शामिल हुआ है।
3. सेशेल्स CSC का एक पर्यवेक्षक राष्ट्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1 और 3

UTKARSH CLASSES

[c]

**व्याख्या:** दिए गए सभी कथन सही हैं।

- **सदस्य:** CSC के सदस्य अब भारत, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस और बांग्लादेश हैं ।
- **सहयोग के स्तंभ:** CSC के सहयोग के स्तंभों में समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद निरोध, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध से मुकाबला, साइबर सुरक्षा एवं मानवीय सहायता तथा आपदा राहत (HADR) शामिल हैं ।

Q. जनजातीय गौरव दिवस (15 नवंबर) के संदर्भ में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उनका जन्म 1874 में झारखंड के उलिहातु गाँव में हुआ था और उन्हें धरती आबा (पृथ्वी के पिता) के नाम से जाना जाता है।
2. उन्होंने उलगुलान या महान उथल-पुथल (1899-1900) का नेतृत्व किया, जो खुंटकट्टी (सामुदायिक भूमि अधिकार) की बहाली के लिए एक उग्र आंदोलन था।
3. उनके विद्रोह ने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (CNT अधिनियम) (1908) जैसे विधायी परिवर्तनों को प्रेरित किया, जिसने आदिवासी भूमि अधिकारों की रक्षा की।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

(a) केवल दो कथन
(b) केवल एक कथन
(c) सभी तीन कथन
(d) कोई भी कथन नहीं

[c]

**व्याख्या:**

- दिए गए सभी कथन सत्य हैं। सरकार ने इस दिन को 2021 में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में नामित किया है ।

CIVIL SERVICES

Q. भारत के सम्मानित पर्यावरणविदों में से एक पद्मश्री पुरस्कार विजेता सालूमारदा थिम्मक्क का निधन हो गया। वह किस राज्य की वनीकरण नीतियों को प्रभावित करने और कई वृक्षारोपण आंदोलनों को प्रेरित करने के लिए जानी जाती थीं?

(a) तमिलनाडु
(b) केरल
(c) आंध्र प्रदेश
(d) कर्नाटक

UTKARSH CLASSES

[d]

**व्याख्या:**

- सालूमारदा थिम्मक्क (पद्मश्री पुरस्कार विजेता) को 'वृक्ष माता' के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने कर्नाटक की वनीकरण नीतियों को प्रभावित किया और भारत में कई वृक्षारोपण आंदोलनों को प्रेरित किया।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. शतरंज की नन्हीं परी तीशा ब्याडवाल ने कुआलालम्पुर, मलेशिया में आयोजित कॉमनवेल्थ शतरंज चैंपियनशिप 2025 में अंडर-8 कैटेगरी में कौन-से पदक जीते?

(a) केवल क्लासिकल राउंड में गोल्ड मेडल।

(b) ब्लिट्ज राउंड में गोल्ड मेडल और क्लासिकल राउंड में ब्रॉन्ज मेडल।

(c) रैपिड राउंड में गोल्ड मेडल और ब्लिट्ज राउंड में सिल्वर मेडल।

(d) केवल ब्रॉन्ज मेडल।

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- तीशा ब्याडवाल (जयपुर, प्रताप नगर निवासी) ने अंडर-8 कैटेगरी में ब्लिट्ज राउंड में गोल्ड मेडल और क्लासिकल राउंड में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

Q. श्री गुरूनानक देव वाटिका ग्रीन लंग्स मुंगस्का का लोकार्पण कहाँ किया गया, और यह किस अभियान का हिस्सा है?

(a) जोधपुर; 'मरुधरा हरित अभियान'।

(b) जयपुर; 'हरित राजधानी मिशन'।

(c) अलवर; 'स्वच्छ अलवर व अतुल्य अलवर अभियान'।

(d) कोटा; 'कोटा ग्रीन बेल्ट मिशन'।

[c]

**व्याख्या:**

- "ग्रीन लंग्स गुरूनानक वाटिका" का लोकार्पण मुंगस्का (अलवर) में किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण सरंक्षण और अलवर को स्वच्छ, हरित एवं सतत शहरी नियोजन की दिशा में आगे बढ़ाना है ।

UTKARSH CLASSES

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. हाल ही में भौगोलिक संकेत टैग (GI Tag) प्राप्त करने वाला अंबाजी संगमरमर अपनी किस विशिष्टता के लिए जाना जाता है, और यह किस राज्य से संबंधित है?

(a) सुनहला रंग और प्राचीन टेराकोटा कला; राजस्थान
(b) दूधिया सफेद रंग और उच्च टिकाऊपन; गुजरात
(c) उच्च लौह सामग्री और मूर्तिकला के लिए कठोरता; मध्य प्रदेश
(d) गुलाबी रंग और कम कैल्शियम सामग्री; राजस्थान

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:** अंबाजी संगमरमर को केंद्र सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा जीआई टैग प्राप्त हुआ है।

- **उत्पादन क्षेत्र:** गुजरात का बनासकांठा जिला।
- **विशिष्टता:** यह अपने दूधिया सफेद रंग, प्राकृतिक सौंदर्य और उच्च टिकाऊपन के लिए प्रसिद्ध है। इसका उपयोग दिलवाड़ा जैन मंदिरों (माउंट आबू) और हाल ही में अयोध्या के राम मंदिर जैसी प्रतिष्ठित संरचनाओं में किया गया है।
- **GI Tag का महत्व:** जीआई टैग न केवल उत्पाद की पहचान और प्रामाणिकता की रक्षा करता है, बल्कि इसके बाजार मूल्य और निर्यात क्षमता को भी बढ़ाता है, जिससे स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को बढ़ावा मिलता है।

CIVIL SERVICES

Q. होर्मुज जलडमरूमध्य की भौगोलिक और सामरिक स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह एक संकीर्ण जलडमरूमध्य है जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है।
2. यह वैश्विक तेल पारगमन में एक महत्वपूर्ण अवरोध बिंदु (Chokepoint) है, जहाँ से प्रतिदिन विश्व का लगभग एक-पाँचवाँ पेट्रोलियम गुजरता है।
3. ऑपरेशन साउथर्न स्पीयर इसी क्षेत्र में नार्को आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा संचालित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

[b]

**व्याख्या:**

- कथन 1 और 2 सही हैं। यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल गलियारा है, जो वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।
- कथन 3 गलत है। ऑपरेशन साउथर्न स्पीयर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा कैरेबियन सागर में नार्को आतंकवाद के खिलाफ संचालित किया जा रहा है। यह ऑपरेशन एनेगाडा पैसेज (वेस्ट इंडीज) जैसे महत्वपूर्ण मार्गों से संबंधित है।

Q. भारत के विदेश मंत्री की कतर यात्रा के संबंध में, भारत-कतर संबंधों के किस पहलू पर चर्चा हुई, और कतर भारत के लिए किस प्रमुख ऊर्जा स्रोत का प्रदाता है?

(a) रणनीतिक रक्षा साझेदारी; कच्चा पेट्रोलियम।

(b) ऊर्जा एवं व्यापार; तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (LPG)।

(c) मेक इन इंडिया पहल; कोयला और ग्रेफाइट।

(d) भारत-कतर मुक्त व्यापार समझौता; केवल तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG)।

[b]

**व्याख्या:** विदेश मंत्री ने कतर के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर ऊर्जा, व्यापार और क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

- **ऊर्जा संबंध:** कतर भारत को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (LPG) का सबसे बड़ा प्रदाता है।
- **साझेदारी:** 2025 में दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. तुर्काना झील की भौगोलिक विशेषताओं के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है?

(a) यह उत्तरी इथियोपिया में स्थित है और विश्व की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील है।

(b) इसे 'झील विक्टोरिया' भी कहा जाता है, जो पूर्वी अफ्रीका की सबसे अधिक खारी झील है।

(c) यह विश्व की सबसे बड़ी रेगिस्तानी झील है, जो मुख्य रूप से उत्तरी केन्या में स्थित है और इसे जेड सागर कहा जाता है।

(d) दीर्घकालिक जलवायु-प्रेरित गिरावट के कारण पश्चिमी अफ्रीकी रिफ्ट प्रणाली में भूकंपीय गतिविधियाँ बढ़ गई हैं।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[c]

**व्याख्या:**

- तुर्काना झील विश्व की सबसे बड़ी रेगिस्तानी झील है, जिसे जेड सागर भी कहा जाता है। इसका जल स्तर दीर्घकालिक जलवायु-प्रेरित गिरावट के कारण पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट प्रणाली में भूकंप और ज्वालामुखीय गतिविधियों को बढ़ा रहा है।

UTKARSH CLASSES

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. जलवायु एवं प्रकृति वित्त मंच (Climate and Nature Finance Platform) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसे ब्राजील के बेलेम में आयोजित COP30 में भारत ने 13 देशों के साथ मिलकर घोषित किया है।
2. इस प्लेटफार्म का समन्वय ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF) के माध्यम से किया जाएगा।
3. GCF दुनिया का सबसे बड़ा समर्पित बहुपक्षीय जलवायु कोष है, जिसकी स्थापना 2010 में UNFCCC के तहत की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

(a) केवल एक कथन
(b) केवल दो कथन
(c) सभी तीन कथन
(d) कोई भी कथन नहीं

UTKARSH CLASSES

[c]

**व्याख्या:**

- दिए गए सभी कथन सही हैं। GCF विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन और शमन गतिविधियों में सहायता प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया था।

CIVIL SERVICES

Q. हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसे हाल ही में लीग ऑफ़ अमेरिकन कम्यूनिकेशंस प्रोफेशनल्स (LACP) ने ग्लोबल लेवल पर 6वाँ स्थान प्राप्त किया।
2. यह कंपनी वर्ष 2025 में 'इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स (ICMM)' में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है।
3. यह वर्ष 2024 में एशिया का पहला 'लो कार्बन ग्रीन जिंक' ब्रांड 'इकोजेन (EcoZen)' लॉन्च किया था।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

UTKARSH CLASSES

[d]

## हिन्दुस्तान जिंक को LACP स्पॉटलाइट अवार्ड्स – 2025

HINDUSTAN ZINC

**व्याख्या:** दिए गए सभी कथन सही हैं।

- HZL को LACP एडवांस्ड एडवांस्ड एग्जाम 2025 में प्लेटिनम डिवीजन में विजेता चुना गया। इसने भारत में प्रथम और वैश्विक स्तर पर 6वाँ स्थान हासिल किया। यह इस वर्ष ग्लोबल टॉप 10 में शामिल होने वाली भारत की एकमात्र कंपनी बनी।
- यह ICMM में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी है।
- 'इकोजेन' एशिया का पहला लो कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड है, जिसे HZL ने लॉन्च किया था।

UTKARSH CLASSES

Q. हाल ही में, दुर्लभ प्रजाति की 'एशियाटिक कैराकल' बिल्ली राजस्थान के किस क्षेत्र में देखी गई है?

(a) सरिस्का टाइगर रिजर्व, अलवर

(b) मुकुंदरा हिल्स, कोटा

(c) पोकरण, जैसलमेर (रामगढ़ क्षेत्र)

(d) ताल छापर अभयारण्य, चूरू

UTKARSH CLASSES

[c]

**व्याख्या:**

- दुर्लभ प्रजाति की एशियाटिक कैराकल बिल्ली, जिसे गंभीर संकटग्रस्त (क्रिटिकली एंडेंजर्ड) प्रजाति की श्रेणी में शामिल किया गया है, हाल ही में जैसलमेर जिले के पोकरण स्थित रामगढ़ क्षेत्र (भारत-पाक सीमा के पास) में देखी गई है। रेगिस्तानी क्षेत्रों में इसकी संख्या लगातार घट रही है।

Q. विश्व बाल दिवस सप्ताह के तहत 'माई डे माई राइट' थीम पर 'द वॉल ऑफ होप - लिसन टू द फ्यूचर' कार्यक्रम का आयोजन कहाँ किया गया?

(a) अल्बर्ट हॉल संग्रहालय, जयपुर

(b) मेहरानगढ़ किला, जोधपुर

(c) आमेर महल, जयपुर

(d) सिटी पैलेस, उदयपुर

[c]

**व्याख्या:**

- यह कार्यक्रम आमेर महल में यूनिसेफ, फ्यूचर सोसायटी, डिजिटल बाल मेला और पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें 8 से 18 साल के बच्चों ने पेंटिंग और नाटकों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए।

Q. 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उत्कृष्ट सेवा और समन्वय के लिए चीफ ऑफ एयर स्टाफ कमांडेशन से किसे सम्मानित किया गया है?

(a) सुधांश पंत और टी.वी. सोमनाथन

(b) प्रतिभा सिंह (संभागीय कमिश्नर) और गौरव अग्रवाल (कलेक्टर), जोधपुर

(c) वी. श्रीनिवास और श्रेया गुहा

(d) संजय अग्रवाल और राजीव कुमार शर्मा

[b]

**व्याख्या:**

– जोधपुर की संभागीय कमिश्नर प्रतिभा सिंह और कलेक्टर गौरव अग्रवाल (IAS अधिकारी) को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बेहतरीन नेतृत्व और समन्वय के लिए चीफ ऑफ एयर स्टाफ कमांडेशन से नवाजा गया है। यह ऑपरेशन अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किया गया एक समन्वित सैन्य अभियान था।

UTKARSH CIVIL SERVICES

**Q. राजस्थान के जालोर में प्रस्तावित इनलैंड पोर्ट (वाटर-वे) के माध्यम से राज्य को किस प्रमुख बंदरगाह से जोड़ा जाएगा?**

(a) मुंबई पोर्ट
(b) कांडला पोर्ट (गुजरात)
(c) मुंद्रा पोर्ट
(d) पीपावाव पोर्ट

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[b]

**व्याख्या:**

- राजस्थान के जालोर में बनने वाले इनलैंड पोर्ट के ज़रिए राज्य को राष्ट्रीय जलमार्ग-48 (जवाई-लूनी-रन ऑफ कच्छ नदी प्रणाली) के ज़रिए कांडला पोर्ट (गुजरात) से जोड़ा जाएगा। इससे प्रदेश सीधे अरब सागर से जुड़ जाएगा।
- लाभ: ट्रांसपोर्टेशन लागत में 30-40% कमी और लगभग 50,000 प्रत्यक्ष रोज़गार।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. राष्ट्रीय गोपाल रत्न तेज़ी 2025 के तहत 'बेस्ट डेयरी को-ऑपरेटिव सोसाइटी' डिवीज़न में राजस्थान की किस समिति को सम्मानित किया जाएगा?

(a) सरस डेयरी, जयपुर

(b) घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति (जयपुर जिला दुग्ध संघ)

(c) हनुमानगढ़ दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ

(d) भीलवाड़ा जिला दुग्ध संघ

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

- **बेस्ट डेयरी को-ऑपरेटिव सोसाइटी:** घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति (जयपुर)।
- **बेस्ट डेयरी फार्मर:** हर्षित झुरिया (सीकर)।
- **बेस्ट एलेवेटर टेक्नीशियन:** विकास कुमार (हनुमानगढ़)। यह पुरस्कार 26 नवंबर (राष्ट्रीय दुग्ध दिवस) को प्रदान किए जाएंगे।

Q. आदित्य पुनिया, जो हाल ही में चर्चा में रहे, ने किस क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है?

(a) वह राजस्थान के सबसे युवा इंटरनेशनल शतरंज मास्टर बने हैं।

(b) उन्होंने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।

(c) वह राजस्थान के सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय गोल्फ रेफरी बने हैं।

(d) उन्होंने पैरा-बैडमिंटन में विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

[c]

**व्याख्या:**

- रामबाग गोल्फ क्लब के सदस्य आदित्य पूनिया ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित परीक्षा पास कर राजस्थान के सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय गोल्फ रेफरी बनने का गौरव हासिल किया है।

Q. 25वें समर डेफलिंपिक (टोक्यो) में निशानेबाजी प्रतियोगिता में विश्व रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल जीतने वाली राजस्थान की खिलाड़ी कौन हैं?

(a) अवनि लेखरा

(b) अनुया प्रसाद

(c) प्रांजलि धूमल

(d) अपूर्वी चंदेला

UTKARSH CIVIL SERVICES

[b]

**व्याख्या:**

- राजस्थान की अनुया प्रसाद ने टोक्यो (जापान) में आयोजित 25वें समर डेफलिंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में 241.1 के स्कोर के साथ विश्व रिकॉर्ड स्थापित करते हुए गोल्ड मेडल जीता। उनकी साथी प्रांजलि धूमल ने सिल्वर मेडल हासिल किया।

UTKARSH CLASSES

Q. हैदराबाद में आयोजित 25वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप में राजस्थान की टीम ने मेडल टेबल में कौन-सा स्थान प्राप्त किया?

(a) पहला
(b) दूसरा
(c) तीसरा
(d) चौथा

[c]

**व्याख्या:**

- राजस्थान की टीम ने 18 गोल्ड, 19 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज (कुल 47 मेडल) जीते। तीसरा स्थान तमिलनाडु और दूसरा स्थान तेलंगाना ने हासिल किया।

UTKARSH CLASSES

Q. भारत और ब्रिटेन के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास "अजेय वारियर-25" का आयोजन कहाँ किया जा रहा है?

(a) चौबटिया, उत्तराखंड

(b) महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, बीकानेर (राजस्थान)

(c) पोकरण रेंज, जैसलमेर

(d) सेलिसबरी प्लेन, UK

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- "अजेय वारियर-25" (8वां संस्करण) 17 से 30 नवंबर 2025 तक महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, बीकानेर में आयोजित किया जा रहा है।
- **चेहरे:** भारत की सिख रेजिमेंट और ब्रिटेन की रॉयल गोरखा राइफल्स (2 RGR)।
- **फोकस:** सेमी-अर्बन क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियान।

UTKARSH CLASSES

Q. 'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन' के तहत दिए गए जल संचय जन भागीदारी (JSJB) पुरस्कार 2025 में शीर्ष तीन राज्यों में कौन शामिल हैं?

(a) मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र
(b) तेलंगाना, छत्तीसगढ़, राजस्थान
(c) उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब
(d) कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल

[b]

**व्याख्या:**

- शीर्ष तीन राज्यों में तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और राजस्थान शामिल हैं। राजस्थान के भीलवाड़ा, बाड़मेर, अलवर और उदयपुर जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किए गए।

Q. हाल ही में कुंभभिषेकम के कारण चर्चा में रहा आदि कुंभेश्वर मंदिर, जो पत्थर के नागस्वरम (एक दुर्लभ अभयारण्य) के लिए प्रसिद्ध है, किस राज्य में स्थित है?

(a) केरल

(b) तमिलनाडु (कुंभकोणम)

(c) आंध्र प्रदेश

(d) कर्नाटक

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

– आदि कुंभेश्वर मंदिर कुंभकोणम, तमिलनाडु में स्थित है। यह चोल काल (9वीं शताब्दी) का मंदिर है और द्रविड़ वास्तुकला का उदाहरण है। यह अपने अनोखे पत्थर के नागस्वरम के लिए चर्चा में है।

CIVIL SERVICES

Q. सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन्स नेक' भी कहा जाता है, के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह पश्चिम बंगाल में स्थित भूमि की एक संकरी पट्टी है जो पूर्वी राज्यों को शेष भारत से जोड़ती है।

2. यह महानंदा और तीस्ता नदियों के बीच स्थित है।

3. भारतीय सेना ने हाल ही में इसके निकट तीन नए सैन्य अड्डे स्थापित किए हैं।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

UTKARSH CLASSES

[d]

**व्याख्या:**

- दिए गए सभी कथन सही हैं। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन और चीन की बढ़ती मौजूदगी के कारण इस आतंकवादी क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ाई गई है।

Q. हाल ही में चर्चा में आए 'व्हाइट कॉलर आतंकवाद' (व्हाइट कॉलर आतंकवाद) का क्या अर्थ है?

(a) बिना किसी संगठन के 'लोन वुल्फ' द्वारा किए गए हमले।

(b) शिक्षित और पेशेवर व्यक्तियों (जैसे डॉक्टर, इंजीनियर) द्वारा अपनी पेशेवर भरोसेमंद और पुलिसकर्मियों का उपयोग हिंसक उद्देश्यों के लिए करना।

(c) स्लीपर सेल्स द्वारा गुप्त रूप से किए गए हमले।

(d) साइबर स्पेस के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी करना।

[b]

**व्याख्या:**

- दिल्ली में हुई बची घटना ने इस खतरे को उजागर किया है, जहाँ शिक्षित पेशेवर अपनी स्थिति का दुरुपयोग आतंकवाद के लिए करते हैं। यह पारंपरिक धारणा (बेरोजगार युवाओं का कट्टरपंथ) के विपरीत है।

Q. सेनकाकू द्वीप समूह (जिसे दियाओयू भी कहा जाता है) किन दो देशों के बीच विवाद का विषय है?

(a) चीन और ताइवान

(b) जापान और चीन

(c) जापान और रूस

(d) दक्षिण कोरिया और जापान

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- सेनकाकू द्वीप समूह पूर्वी चीन सागर में स्थित निर्जन द्वीपों का एक समूह है। इस पर जापान का नियंत्रण है, लेकिन चीन और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं। हाल ही में चीनी तटरक्षक जहाजों की गश्त के कारण तनाव बढ़ा है।

Q. COP30 में शुरू की गई फूड वेस्ट ब्रेक संकुचन (FWB) पहल का लक्ष्य 2030 तक क्या हासिल करना है?

(a) वैश्विक खाद्य उत्पादन को दोगुना करना।

(b) वैश्विक खाद्य अपशिष्ट को आधा करना और मीथेन कार्य में 7% तक की कमी लाना।

(c) सभी देशों में जैविक खेती को अनिवार्य करना।

(d) खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में कार्बन कार्य को शून्य करना।

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- ये नियम DPDP अधिनियम, 2023 को पूर्ण रूप से प्रवर्तित करेंगे। यह के.एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ (2017) फैसले के अनुपालन में है, जिसमें निजता के अधिकार को मूल अधिकार माना गया था। इसके तहत डेटा संरक्षण बोर्ड को दीवानी अदालत की शक्तियां प्राप्त होंगी।

Q. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अधिसूचित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) नियम, 2025 किस अधिनियम के तहत लाए गए हैं, और यह किस ऐतिहासिक अदालती फैसले के अनुपालन में है?

(a) आईटी एक्ट 2000; केशवानंद भारती मामला।

(b) DPDP एक्ट 2023; के.एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ (2017)।

(c) डेटा सुरक्षा अधिनियम 2024; मेनका गांधी मामला।

(d) निजता संरक्षण अधिनियम 2022; श्रेया सिंघल मामला।

[b]

**व्याख्या:**

– ये नियम DPDP एक्ट, 2023 को पूर्ण रूप से प्रवर्तित करेंगे। यह के.एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ (2017) फैसले के मुताबिक है, जिसमें निजता के अधिकार को मूल अधिकार माना गया था। इसके तहत डेटा संरक्षण बोर्ड को दीवानी कोर्ट की शक्तियां हासिल की गईं।

UTKARSH CLASSES

Q. 'गवर्नमेंट शटडाउन' की स्थिति मुख्य रूप से शासन की किस प्रणाली की विशेषता है?

(a) संसदीय प्रणाली (जैसे भारत)

(b) राष्ट्रपति प्रणाली (जैसे अमेरिका)

(c) एकात्मक प्रणाली (जैसे UK)

(d) अर्ध-राष्ट्रपति प्रणाली (जैसे फ्रांस)

[b]

**व्याख्या:**

- शटडाउन तब होता है जब विधायिका बजटीय विधेयकों को पारित नहीं कर पाता, जिससे सरकार का दायरा रुक जाता है। यह अमेरिका जैसी राष्ट्रपति प्रणाली में होता है, जहाँ कार्यपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों का सख्त प्रतिबंध होता है। भारत जैसी संसदीय शक्तियों में यह नहीं होता क्योंकि सरकार विधायिका के बहुमत पर निर्भर होती है।

Q. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) की रिपोर्ट के अनुसार, कृषि क्षेत्रक में आपदा से जुड़े टब को कम करने में किसे एक "गेम-चेंजर" के रूप में अंकुरित किया गया है?

(a) जैविक खेती

(b) डिजिटल-कन्वर्सेशन (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन)

(c) सहकारी समितियाँ

(d) अनुबंधित खेती

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- रिपोर्ट में डिजिटल-कन्वर्सेशन (जैसे AI, IoT, ड्रोन तकनीक) को आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। भारत में किसान ई-मित्र (AI चैटबॉट) और फसल (FASAL) परियोजना इसके उदाहरण हैं।

UTKARSH CLASSES

Q. रौलेन महोत्सव के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में मनाया जाता है।
2. इसे 5,000 साल पुराना त्यौहार माना जाता है।
3. यह 'सौनियों' (आकाशीय परियों) के सम्मान में आयोजित होता है।

विकल्प:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

[d]

**व्याख्या:**

- रौलेन महोत्सव हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में मनाया जाने वाला 5,000 साल पुराना त्यौहार है। यह महोत्सव 'सौनियों' (आकाशीय परियों) के सम्मान में आयोजित किया जाता है।

CIVIL SERVICES

Q. एस्केप एंड प्लाज़्मा एक्सेलेरेशन एंड डायनेमिक्स एक्सप्लोरर्स) मिशन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(a) शुक्र ग्रह के वातावरण का अध्ययन करना।

(b) बृहस्पति के चंद्रमाओं पर जमे हुए पानी की खोज करना।

(c) सौर पवन और मंगल के चुंबकीय वातावरण की अंतर्क्रिया का अध्ययन करना।

(d) सूर्य के निकटतम क्षुद्रग्रहों की संरचना की जाँच करना।

UTKARSH CLASSES

[c]

**व्याख्या:**

- **ESCAPADE (Escape and Plasma Acceleration and Dynamics Explorers) मिशन का उद्देश्य सौर पवन (Solar Wind) और मंगल (Mars) के चुंबकीय वातावरण की अंतर्क्रिया (interaction) का अध्ययन करना है।**

CIVIL SERVICES

Q "कंप्लायंस रिडक्शन एवं डीरेगुलेशन" एजेंडा के तहत राजस्थान में किए गए सुधारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. MSME सेक्टर के लिए चेंज ऑफ़ लैंड यूज की प्रक्रिया में समय सीमा 60 से घटाकर 30 कार्य दिवस कर दी गई है।
2. प्रदूषण नियंत्रण के लिए 'कंसेट टू एस्टैब्लिश' की समय सीमा 120 दिनों से घटाकर रेड श्रेणी के उद्यमों के लिए 21 दिन कर दी गई है।
3. 'राजस्थान शॉप्स एण्ड कमर्शियल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट, 1958' के अंतर्गत कर्मचारियों की सीमा शून्य से बढ़ाकर 10 कर दी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

[b]

**व्याख्या:**

- कथन 1 और 3 सही हैं । MSME परियोजनाओं में देरी कम करने के लिए समय सीमा के बाद स्वत: स्वीकृति का प्रावधान किया गया है।
- कथन 2 गलत है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए 'कंसेट टू एस्टैब्लिश' हेतु समय सीमा 120 दिनों से घटाकर MSME के लिए 21 दिन और रेड/वृहद् श्रेणी के उद्यमों के लिए 60 दिन कर दी गई है ।

UTKARSH CLASSES

Q. राजस्थान की 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' (EODB) को सुगम बनाने वाली पहलों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) राजनिवेश पोर्टल को चैटबॉट के साथ उन्नत किया गया है, जो निवेशकों को रियल टाइम स्वचालित सहायता प्रदान करता है ।

(b) कंसेंट टू ऑपरेट (CTO) के लिए सेल्फ सर्टिफिकेशन का ऑटो रिन्यूवल केवल रेड श्रेणी के उद्योगों के लिए शुरू किया गया है।

(c) फायर एनओसी की वैधता अवधि कम कर दी गई है, और थर्ड पार्टी फायर इंस्पेक्टर्स को हटा दिया गया है।

(d) कर्मचारियों की सीमा 10 से बढ़ाकर 25 करने से सूक्ष्म उद्यमों पर अनुपालन बोझ बढ़ा है।

[a]

**व्याख्या:**

- कथन (a) सही है ।
- कथन (b) गलत है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सभी श्रेणियों में CTO का सेल्फ सर्टिफिकेशन आधारित ऑटो रिन्यूवल शुरू किया है।

Q. भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (IITF- 2025) में राजस्थान को किस विशिष्ट दर्जे से सम्मानित किया गया है, और मेले की केंद्रीय थीम क्या है?

(a) फोकस स्टेट; 'लोकल से ग्लोबल'

(b) पार्टनर स्टेट; 'एक भारत श्रेष्ठ भारत'

(c) फोकस स्टेट; 'आत्मनिर्भर भारत'

(d) पार्टनर स्टेट; 'वोकल फॉर लोकल'

UTKARSH CLASSES

[b]

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान मण्डप का किया उद्घाटन(आईआईटीएफ- 2025)



UTKARSH CIVIL SERVICES

**व्याख्या:**

- **दर्जा:** 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (IITF-2025) में राजस्थान को 'पार्टनर स्टेट' का दर्जा प्रदान किया गया है। इसके अलावा, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश भी साझेदार राज्यों के रूप में भाग लेंगे, जबकि झारखंड को 'फोकस' राज्य के रूप में चुना गया है।
- **थीम:** मेले की केंद्रीय थीम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' है। यह थीम राज्यों के बीच साझेदारी, संस्कृति आदान-प्रदान और एकता को प्रोत्साहित करती है।
- **राजस्थान दिवस:** हर वर्ष की भांति 18 नवंबर को मेला स्थल पर 'राजस्थान दिवस' मनाया जाएगा।

UTKARSH CLASSES

Q. **IITF-2025 में राजस्थान मण्डप के प्रमुख आकर्षणों और सांस्कृतिक एकीकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. मण्डप में कारीगरों द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) वॉल का प्रदर्शन किया गया।
2. 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत, राजस्थान मण्डप का एकीकरण असम राज्य के साथ किया गया है।
3. मण्डप में राजस्थान की विरासत, नवाचार और सतत औद्योगिक विकास आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

[d]

व्याख्या: दिए गए सभी कथन सत्य हैं:

- **सांस्कृतिक एकीकरण:** मण्डप का मुख्य आकर्षण 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को समर्पित राजस्थान और असम का एकीकरण है। इस साझेदारी का उद्देश्य दोनों राज्यों के बीच मजबूत व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध स्थापित करना है।
- **प्रदर्शनी:** राजस्थान मण्डप में कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा लाइव प्रदर्शन, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) वॉल और राज्य की विरासत, नवाचार और सतत औद्योगिक विकास आधारित प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा।
- **नोडल एजेंसी:** राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (RSIC) को राजस्थान मण्डप के निर्माण और प्रदर्शन की नोडल एजेंसी बनाया गया है।

Q. उदयपुर में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष और जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा के उपलक्ष्य में आयोजित संभाग स्तरीय सहकार मेला एवं 'आदि हाट' की थीम क्या थी?

(a) "परिचालन दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने हेतु डिजिटलीकरण को बढ़ावा"

(b) "सहकार से समृद्धि और जनजातीय उत्थान"।

(c) "डिजिटल लेनदेन, वित्तीय समावेशन और सहकारिता"।

(d) "एक भारत श्रेष्ठ भारत और सहकारिता"।

UTKARSH CLASSES

[a]

**उदयपुर में संभागीय सहकार मेले और आदि हाट का शुभारंभ**



**व्याख्या:**

- इस 3 दिवसीय संभाग स्तरीय सहकार मेला एवं 'आदि हाट' का शुभारम्भ सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक ने किया।
- इसी कार्यक्रम के दौरान 72वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह की शुरुआत की गई।
- ई-पैक्स सर्टिफिकेट और माइक्रो एटीएम का वितरण डिजिटल लेनदेन को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया।

UTKARSH CLASSES

Q. केन्द्रीय वित्तीय सेवाएँ विभाग द्वारा देशभर में चलाए जा रहे 'आपकी पूँजी, आपका अधिकार' जन-जागरूकता अभियान का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

(a) नागरिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) के तहत अनिवार्य रूप से बीमा कवरेज प्रदान करना।

(b) नागरिकों को उनकी जमा पूँजी, बीमा दावों, डिविडेंड, शेयर एवं म्यूचुअल फंड से संबंधित अनक्लेम्ड राशि को प्राप्त कराने में सहायता प्रदान करना।

(c) सभी नागरिकों के लिए डीमैट खाते खोलना और SEBI के तहत अनिवार्य केवाईसी (KYC) पूरा करना।

(d) बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी और अनक्लेम्ड एसेट्स में वृद्धि के लिए बैंकों को दण्डित करना।

[b]

## “आपकी पूँजी, आपका अधिकार” अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर का हुआ आयोजन



UTKARSH CIVIL SERVICES

**व्याख्या:**

- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनकी अनक्लेम्ड (Unclaimed) राशि (वह राशि जिस पर दावा नहीं किया गया है) को प्राप्त कराने में सहायता करना है। इस उद्देश्य के लिए शिविर में विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, पेंशन विभाग एवं सेबी द्वारा काउंटर स्थापित किए गए थे ।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. फिरोजपुर फीडर रिलाइनिंग परियोजना, जो हाल ही में चर्चा में रही, का प्राथमिक उद्देश्य क्या है और यह राजस्थान के किस प्रमुख नहर प्रणाली से संबंधित है?

(a) चम्बल नदी पर जलभराव को नियंत्रित करना; पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ERCP)।

(b) गंग नहर को हरिके बैराज से अतिरिक्त जल उपलब्ध कराना और जल रिसाव को कम करना।

(c) बीकानेर और जैसलमेर में इंदिरा गांधी नहर की शाखाओं का नवीनीकरण करना।

(d) इंदिरा गांधी नहर के क्षतिग्रस्त जल-प्रवाह को 11,192 क्यूसेक तक सीमित करना।

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- फिरोजपुर फीडर रिलाइनिंग परियोजना गंग नहर प्रणाली से संबंधित है। यह फीडर पंजाब के हरिके बैराज से शुरू होकर राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों को जल उपलब्ध कराता है । इस परियोजना का उद्देश्य फीडर की क्षतिग्रस्त लाइनिंग (lining) की मरम्मत कर पानी का रिसाव रोकना और इसकी प्रवाह क्षमता को 11,192 क्यूसेक से बढ़ाकर 13,842 क्यूसेक करना है ।

Q. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(3) के तहत, किसी विधायक/सांसद की सदस्यता रद्द होने के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है?

(a) विधायक/सांसद को 1 साल या उससे अधिक की सजा होने पर सदस्यता समाप्त हो जाती है।

(b) सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने पर तीन माह की छूट मिलती है।

(c) अगर किसी अपराध के लिए न्यूनतम 2 साल या उससे अधिक की सजा होती है, तो उसे सजा के दिन से सदस्यता समाप्त हो जाती है।

(d) सजा पूरी होने के चार साल बाद तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य रहता है।

[C]

**अंता उपचुनाव: भाया की जीत ने बदल दिए सत्ता और विपक्ष के समीकरण**

**जीत : प्रमोद जैन भाया (कांग्रेस)**



मत मिले : **69,571**
15612 मतों से जीते

**हार : मोरपाल सुमन (भाजपा)**



मत मिले : **53,959**
15612 मतों से हारे

**3 नंबर पर : नरेश मीणा (निर्दलीय)**



मत मिले : **53,800**
15771 मतों से हारे

CLASSES

**व्याख्या:**

- जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(3) के तहत, न्यूनतम 2 साल या उससे अधिक की सजा होने पर सदस्यता सजा के दिन से समाप्त होती है।
- सजा पूरी होने के छह साल बाद तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य रहता है।
- सुप्रीम कोर्ट ने Lilly Thomas vs Union of India (2013) मामले में धारा 8(4) (तीन माह की छूट) को असंवैधानिक घोषित कर दिया था, इसलिए सजा मिलते ही सदस्यता तत्काल समाप्त हो जाती है।

Q. ग्लोबल कार्बन बजट 2025 रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में कार्बन उत्सर्जन के संदर्भ में भारत का स्थान कौन-सा है?

(a) दूसरा
(b) तीसरा
(c) चौथा
(d) पांचवां

[b]

**व्याख्या:**

- ग्लोबल कार्बन बजट 2025 रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत 3.2 बिलियन टन कार्बन उत्सर्जन के साथ तीसरा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक रहा ।
- इससे आगे केवल चीन (12 बिलियन टन) और संयुक्त राज्य अमेरिका (4.9 बिलियन टन) हैं ।
- भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन वार्षिक रूप से 2.2 टन है ।

CIVIL SERVICES

Q. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए चार महत्वपूर्ण खनिजों (सीजियम, ग्रेफाइट, रुबिडियम और जिरकोनियम) की रॉयल्टी दर को संशोधित करने की मंजूरी दी है। रॉयल्टी दरें किस अधिनियम के तहत नियंत्रित होती हैं?

(a) भारतीय खान और खनिज अधिनियम, 1951।

(b) खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957।

(c) खनिज रियायत नियम, 1960।

(d) भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण अधिनियम, 1972।

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- रॉयल्टी दरें खनन कम्पनियों पर पृथ्वी से खनिज निकालने के लिए सरकार द्वारा लगाया जाने वाला शुल्क है। ये दरें खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 और खनिज रियायत नियम, 1960 द्वारा नियंत्रित होती हैं। केंद्र सरकार राज्य सरकारों से परामर्श के बाद समय-समय पर रॉयल्टी दरें तय करने का अधिकार रखती है।

CIVIL SERVICES

Q. हाल ही में कैनिबल सौर तूफान के कारण उत्तरी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया आदि में ऑरोरा की घटनाएं घटित हुई। ऑरोरा की परिघटना का मुख्य कारण क्या है?

(a) रात्रि के आकाश में कॉस्मिक किरणों का उच्च गति से पृथ्वी पर टकराना।

(b) वायुमंडल में ऑक्सीजन और नाइट्रोजन परमाणुओं के बीच रासायनिक प्रतिक्रिया।

(c) ऊपरी वायुमंडल के परमाणुओं के सौर पवन के आवेशित कणों (इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन) के संपर्क में आना।

(d) पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की अस्थिरता।

UTKARSH CLASSES

[c]

**व्याख्या:**

- ऑरोरा रात्रि के आकाश में दिखाई देने वाली एक प्राकृतिक प्रकाश की घटना है।
- उत्तरी ध्रुव के पास, इसे ऑरोरा बोरियालिस और दक्षिणी ध्रुव के पास ऑरोरा ऑस्ट्रेलिस कहा जाता है।
- कैनिबल सौर तूफान तब घटित होता है, जब दो या दो से अधिक सौर तूफान टकराते और विलीन हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अधिक शक्तिशाली तूफान उत्पन्न होता है।

Q. वाईब्रैंट (YBRANT) कार्यक्रम का उद्देश्य कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) और ESG सिद्धांतों को मुख्यधारा की शिक्षा में लाना है। यह कार्यक्रम किन दो संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया है?

(a) वित्त मंत्रालय और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS)।

(b) भारतीय कॉरपोरेट मामलों के संस्थान (IICA) और WNS ग्लोबल सर्विसेज।

(c) नीति आयोग और बनस्थली विद्यापीठ।

(d) कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और IIM शिलांग।

UTKARSH CIVIL SERVICES

[b]

**व्याख्या:**

- YBRANT कार्यक्रम भारतीय कॉरपोरेट मामलों के संस्थान (IICA) (कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत) और WNS ग्लोबल सर्विसेज के बीच एक रणनीतिक सहयोग है।
- **उद्देश्य:** CSR, ESG (पर्यावरण, सामाजिक और शासन), और संधारणीयता को मुख्यधारा की प्रबंधन शिक्षा में लाकर सामाजिक रूप से जिम्मेदार व्यावसायिक नेताओं को विकसित करना।
- यह एक छह महीने का ब्लेंडेड लर्निंग मॉडल है जिसमें शैक्षणिक सत्र और फील्डवर्क शामिल है।

UTKARSH CLASSES

Q. 'सहकारिता कुंभ 2025' में की गई घोषणाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. सम्मेलन का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष (2025) के उपलक्ष्य में किया गया।
2. 'दिल्ली घोषणा 2025' को अपनाया गया, जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता, प्रशासन और डिजिटलीकरण को बढ़ाना है।
3. सहकार डिजी-पे और सहकार डिजी-लोन नामक दो डिजिटल पहलों को छोटे सहकारी बैंकों को सशक्त बनाने के लिए लॉन्च किया गया।
4. सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों के भीतर दो लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक भारतीय शहर में एक शहरी सहकारी बैंक (UCB) स्थापित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

(a) केवल दो कथन
(b) केवल तीन कथन
(c) सभी चार कथन
(d) कोई भी कथन नहीं

[c]

व्याख्या: दिए गए सभी कथन सही हैं।

- सहकारिता कुंभ में 1500 से अधिक सहकारी बैंकों और 5000 से ज्यादा क्रेडिट सोसाइटियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में UCBs का गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ (NPA) 2.8% से घटकर मात्र 0.6% रह गया है, जो वित्तीय अनुशासन की सफलता को दर्शाता है।

Q. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के कूल कोएलिशन द्वारा COP30 में लॉन्च की गई 'ग्लोबल कूलिंग वॉच 2025' रिपोर्ट का निष्कर्ष क्या है?

(a) जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता बढ़ाना आवश्यक है।

(b) वैश्विक शीतलन मांग 2050 तक तीन गुना हो सकती है, जिससे उत्सर्जन दोगुना हो जाएगा और बिजली प्रणालियों पर दबाव बढ़ेगा।

(c) जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्रों तक सीमित रहेगा।

(d) 2050 तक शीतलन क्षेत्र से होने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 97% तक बढ़ाने के लिए स्थायी शीतलन समाधानों की आवश्यकता है।

[b]

**व्याख्या:**

- 'ग्लोबल कूलिंग वॉच 2025' रिपोर्ट को UNEP के कूल कोएलिशन द्वारा COP30 (ब्राजील) में लॉन्च किया गया।
- **निष्कर्ष:** रिपोर्ट चेतावनी देती है कि यदि सामान्य परिदृश्य (business-as-usual) बना रहा, तो 2050 तक शीतलन मांग तीन गुना हो सकती है, जिससे उत्सर्जन दोगुना हो जाएगा।
- **उपाय:** रिपोर्ट एक 'संधारणीय शीतलन पथ' प्रस्तावित करती है, जिसे यदि तत्काल लागू किया जाए, तो भविष्य के उत्सर्जन में 97% तक की कटौती हो सकती है।

CIVIL SERVICES

Q. स्टेट ऑफ द क्रायोस्फीयर रिपोर्ट 2025 में क्रायोस्फीयर (हिमांक-मंडल) के किन पांच प्रमुख घटकों में हो रहे परिवर्तनों की स्थिति को उजागर किया गया है?

(a) पर्वतीय हिमनद, समुद्री बर्फ, स्थायी तुषार भूमि, नदी-ताल और वर्षा।

(b) बर्फ की चादरें, पर्वतीय हिमनद और हिमपात, ध्रुवीय महासागर, समुद्री बर्फ तथा स्थायी तुषार भूमि (पर्माफ्रॉस्ट)।

(c) बर्फ की चादरें, ध्रुवीय महासागर, ग्लेशियर, उष्णकटिबंधीय वन और कार्बन चक्र।

(d) केवल अंटार्कटिका और आर्कटिक के ध्रुवीय क्षेत्र।

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- अंतरराष्ट्रीय क्रायोस्फीयर जलवायु पहल द्वारा जारी इस रिपोर्ट में क्रायोस्फीयर (हिमांक-मंडल) के पाँच प्रमुख घटकों में हो रहे परिवर्तनों की स्थिति और प्रभावों को उजागर किया गया है: बर्फ की चादरें, पर्वतीय हिमनद और हिमपात, ध्रुवीय महासागर, समुद्री बर्फ तथा स्थायी तुषार भूमि (पर्माफ्रॉस्ट)।

CIVIL SERVICES

Q. वैश्विक तपेदिक रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, तपेदिक (टीबी) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सत्य है?

(a) टीबी विश्व में मृत्यु के शीर्ष 5 कारणों में से एक है।

(b) टीबी संपूर्ण विश्व में मृत्यु के शीर्ष 10 कारणों में से एक है, और किसी एकल संक्रामक सूक्ष्मजीव से होने वाली मृत्यु का एक प्रमुख कारण है।

(c) टीबी एक जीवाणु जनित रोग नहीं है।

(d) 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा जारी इस रिपोर्ट के अनुसार, टीबी संपूर्ण विश्व में मृत्यु के शीर्ष 10 कारणों में से एक है। यह किसी एकल संक्रामक सूक्ष्मजीव से होने वाली मृत्यु का एक प्रमुख कारण भी है।

UTKARSH CLASSES

Q. प्रत्यूष सिन्हा समिति का गठन किस उद्देश्य के लिए किया गया था?

(a) भारत में तपेदिक (TB) उन्मूलन के लिए एक रोडमैप तैयार करना।

(b) महत्वपूर्ण खनिजों के अन्वेषण को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियों का सुझाव देना।

(c) वित्तीय समावेशन के लिए ग्रामीण सहकारी बैंकों को मजबूत करना।

(d) सेबी के भीतर शीर्ष अधिकारियों के बीच हितों के टकराव को रोकने के लिए मजबूत नियमों की सिफारिश करना।

UTKARSH CLASSES

[d]

**व्याख्या:**

- प्रत्यूष सिन्हा समिति का गठन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा किया गया था। इस समिति ने SEBI के भीतर शीर्ष अधिकारियों के बीच हितों के टकराव को रोकने के लिए मजबूत नियमों की सिफारिश की है।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. हाल ही में, ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में कोटा की अरूंधति ने किस भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया?

(a) 50 किलो वर्ग
(b) 60 किलो वर्ग
(c) 70 किलो वर्ग
(d) 80 किलो वर्ग

UTKARSH CLASSES

[c]

**व्याख्या:**

- कोटा की अरूंधति (भारतीय सेना में हवलदार) ने 70 किलो वर्ग में उजबेकिस्तान की जोकिरोवा को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता और वर्ल्ड चैंपियन बनीं। यह प्रतियोगिता ग्रेटर नोएडा (14-21 नवंबर) में आयोजित की गई थी। भारत ने इसमें कुल 20 पदक (8 स्वर्ण, 5 रजत, 7 कांस्य) जीते।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **अरूंधति की उपलब्धि:** वह पहले भी यूथ वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी हैं।
- **आयोजन स्थल:** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) पॉलिसी-2025 के तहत निवेशकों को आकर्षित करने के लिए दिए जाने वाले प्रोत्साहनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. परियोजना लागत का 30% या अधिकतम ₹10 करोड़ तक पूंजी निवेश सब्सिडी का प्रावधान है।
2. कर्मचारियों के वेतन पर तीन वर्ष तक 30% पेरोल सब्सिडी (अधिकतम ₹1.25 लाख प्रति कर्मचारी) दी जाएगी।
3. इसका लक्ष्य 2030 तक प्रदेश में 200 से अधिक GCC स्थापित करना और 1.5 लाख रोजगार सृजित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

[d]

**व्याख्या:** दिए गए सभी कथन सही हैं।

- **लक्ष्य:** 2030 तक 200+ GCC और 1.5 लाख रोजगार ।
- **वित्तीय प्रोत्साहन:** 30% पूंजी निवेश सब्सिडी (अधिकतम ₹10 करोड़) और 30% पेरोल सब्सिडी ।
- **आवेदन:** राजनिवेश सिंगल विंडो पोर्टल के माध्यम से ।
- **नोडल विभाग:** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **GCC क्या है?:** ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) बहुराष्ट्रीय कंपनियों (MNCs) के अपतटीय (offshore) केंद्र होते हैं जो आईटी, आरएंडडी, और बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग जैसी सेवाएं प्रदान करते हैं।
- **भारत की स्थिति:** 2024 में भारत के GCC उद्योग में लगभग 1.9 मिलियन वर्कफोर्स है और इसका योगदान $64.6 बिलियन है ।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. राजस्थान के किस जिले में ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए राज्य सरकार ने मारूति कंपनी के साथ समझौता किया है?

(a) जयपुर
(b) राजसमंद
(c) उदयपुर
(d) कोटा

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- राजसमंद में ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद केवल सक्षम व योग्य वाहन चालकों के ही ड्राइविंग लाइसेंस बनेंगे। इसके लिए राज्य सरकार और मारूति कंपनी के बीच एमओयू हुआ है ।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAP-AMR 2.0) (2025-29) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) यह केवल मानव स्वास्थ्य पर केंद्रित है और कृषि क्षेत्र को शामिल नहीं करता।

(b) यह एक मजबूत 'वन हेल्थ' (One Health) दृष्टिकोण अपनाता है, जिसमें मानव, पशु, कृषि और पर्यावरण स्वास्थ्य के बीच समन्वय शामिल है।

(c) इसका उद्देश्य एंटीबायोटिक दवाओं के उत्पादन को दोगुना करना है।

(d) इसमें केवल स्वास्थ्य मंत्रालय की भागीदारी है।

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- NAP-AMR 2.0 (2025-29) वन हेल्थ दृष्टिकोण पर आधारित है, जो मानव, पशु, कृषि, खाद्य प्रणालियों और पर्यावरण के बीच समन्वय सुनिश्चित करता है। इसमें 20 से अधिक मंत्रालय शामिल हैं। यह NAP-AMR 1.0 (2017-2021) की कमियों को दूर करता है ।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **AMR (Antimicrobial Resistance):** यह तब होता है जब बैक्टीरिया, वायरस, कवक और परजीवी समय के साथ बदलते हैं और दवाओं का जवाब नहीं देते, जिससे संक्रमण का इलाज करना मुश्किल हो जाता है।
- **NAP-AMR 1.0:** भारत की पहली कार्य योजना 2017 में शुरू की गई थी।

CIVIL SERVICES

Q. भारत ने हाल ही में किस देश के साथ अपना पहला संरचित LPG आपूर्ति समझौता किया है, जिसके तहत वर्ष 2026 के लिए 2.2 MTPA LPG आयात किया जाएगा?

(a) कतर
(b) सऊदी अरब
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका
(d) रूस

UTKARSH CLASSES

[c]

**व्याख्या:**

- भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अपना पहला संरचित LPG आपूर्ति समझौता किया है। यह भारत की कुल मांग का लगभग 10% पूरा करेगा। वर्तमान में कतर भारत का सबसे बड़ा LPG आयात स्रोत है ।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **LPG संरचना:** इसमें मुख्य रूप से 50-60% प्रोपेन और 40-50% ब्यूटेन होती है ।
- **भारत की निर्भरता:** भारत अपनी LPG आवश्यकता का 65% से अधिक आयात करता है, जबकि घरेलू उत्पादन केवल 35% है ।

CIVIL SERVICES

Q. राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने रीसस मैकाक (Rhesus Macaque) को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की किस अनुसूची में पुनः शामिल करने की सिफारिश की है?

(a) अनुसूची I
(b) अनुसूची II
(c) अनुसूची III
(d) अनुसूची IV

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने रीसस मैकाक को अनुसूची II के अंतर्गत पुनः शामिल करने की सिफारिश की है। इससे वैज्ञानिक प्रबंधन सक्षम होगा और तस्करी व क्रूरता को रोकने के लिए वैधानिक संरक्षण बहाल होगा।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **संरक्षण स्थिति:** यह IUCN की रेड लिस्ट में 'लीस्ट कंसर्न' (Least Concern) और CITES के परिशिष्ट II में सूचीबद्ध है।
- **विशेषता:** यह मनुष्यों के साथ लगभग 93% आनुवंशिक अनुक्रम समानता साझा करता है।

Q. 'लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांजिशन (LeadIT)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसकी शुरुआत 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भारत और स्वीडन द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी।
2. LeadIT 2.0 (2024-2026) का उद्देश्य संवाद से हटकर कार्यान्वयन (Implementation) की ओर बढ़ना है।
3. इसका मुख्य लक्ष्य 2050 तक भारी उद्योगों (Heavy Industries) से नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन हासिल करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

[d]

व्याख्या: दिए गए सभी कथन सही हैं।

- स्थापना: 2019 में भारत और स्वीडन द्वारा ।
- उद्देश्य: 2050 तक भारी उद्योगों से नेट जीरो उत्सर्जन ।
- LeadIT 2.0: COP28 (दुबई) में अपनाया गया, जो कार्यान्वयन पर केंद्रित है ।

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)

- सदस्यता: इसमें 18 देश और 27 कंपनियां शामिल हैं ।
- समर्थन: इसे विश्व आर्थिक मंच (WEF) का समर्थन प्राप्त है ।

UTKARSH CLASSES

Q. 16वें वित्त आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. आयोग ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है, जो 2026-31 की अवधि के लिए लागू होगी।
2. इसका गठन संविधान के अनुच्छेद 280(1) के तहत किया गया है और इसके अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया हैं।
3. आयोग के विचारार्थ विषयों में आपदा प्रबंधन वित्तपोषण की समीक्षा शामिल नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

(a) केवल एक कथन
(b) केवल दो कथन
(c) सभी तीन कथन
(d) कोई भी कथन नहीं

UTKARSH CIVIL SERVICES

[b]

व्याख्या: कथन 1 और 2 सही हैं, जबकि कथन 3 गलत है।

- अवधि: 2026-31 ।
- अध्यक्ष: अरविंद पनगढ़िया ।
- कार्य: करों के शुद्ध आगमों का वितरण और आपदा प्रबंधन वित्तपोषण की समीक्षा करना भी इसके कार्यों में शामिल है।

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)

- संवैधानिक प्रावधान: अनुच्छेद 280 के तहत राष्ट्रपति हर 5 साल में वित्त आयोग का गठन करते हैं।
- मुख्य कार्य: केंद्र और राज्यों के बीच करों का बंटवारा (Vertical Devolution) और राज्यों के बीच आवंटन (Horizontal Devolution)।

UTKARSH CLASSES

Q. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा जारी राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (NIC-2025) की मुख्य विशेषताएं क्या हैं?

(a) यह केवल कृषि आधारित उद्योगों का वर्गीकरण करता है।

(b) यह 6-अंकों की संरचना प्रस्तुत करता है और डिजिटल अर्थव्यवस्था, हरित ऊर्जा एवं स्वदेशी उद्योगों को मान्यता देता है।

(c) यह 1991 के वर्गीकरण को बहाल करता है।

(d) इसका उपयोग केवल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार डेटा के लिए किया जाएगा।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[b]

**व्याख्या:**

- NIC-2025 वर्गीकरण प्रणाली को अद्यतन करता है। यह 6 अंकों की संरचना प्रस्तुत करता है और डिजिटल अर्थव्यवस्था, हरित ऊर्जा तथा स्वदेशी उद्योगों जैसे उभरते क्षेत्रों को मान्यता देता है, जो बेहतर नीति निर्माण के लिए सटीक आर्थिक डेटा प्रदान करेगा ।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **उद्देश्य:** आर्थिक गतिविधियों का एक मानकीकृत वर्गीकरण प्रदान करना ताकि सांख्यिकीय डेटा की तुलना की जा सके।
- **NIC कोड:** यह उद्योगों को वर्गीकृत करने के लिए एक सांख्यिकीय मानक है।

UTKARSH CLASSES

**Q. दल-बदल विरोधी कानून (Anti-Defection Law) और विधानसभा अध्यक्ष की शक्तियों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणी के संदर्भ में सही कथन का चयन करें:**


(a) अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होता है और किसी भी परिस्थिति में न्यायिक समीक्षा के अधीन नहीं है।

(b) अध्यक्ष दसवीं अनुसूची के तहत न्यायाधिकरण (Tribunal) की तरह कार्य करते हैं और उन्हें अयोग्यता याचिका पर निर्णय लेने में देरी के लिए कोई संवैधानिक छूट नहीं है।

(c) अयोग्यता का निर्णय केवल चुनाव आयोग की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा लिया जा सकता है।

(d) यह कानून 1991 में 61वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया था।

CLASSES


अनुच्छेद-191
अनुच्छेद-192
Art. 191(i)
191(ii)
निर्णय
अंतिम निर्णय
राज्यपाल

CIVIL SERVICES

[b]

**व्याख्या:**

- सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष की आलोचना करते हुए स्पष्ट किया कि अध्यक्ष एक न्यायाधिकरण की तरह कार्य करते हैं, इसलिए उन्हें अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में अनिश्चितकालीन देरी करने की अनुमति नहीं है ।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **पृष्ठभूमि:** दसवीं अनुसूची 1985 में 52वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ी गई थी ।
- **अपवाद:** यदि किसी पार्टी के दो-तिहाई (2/3) सदस्य अलग होकर नई पार्टी बनाते हैं या किसी अन्य पार्टी में विलय करते हैं, तो इसे दलबदल नहीं माना जाता (91वां संशोधन)।

Q. स्वतंत्रता सेनानी बटुकेश्वर दत्त के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वह हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA) के सदस्य थे।
2. उन्होंने 8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह के साथ मिलकर सेंट्रल असेंबली में बम फेंका था।
3. उन्हें काकोरी ट्रेन डकैती मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

[b]

**व्याख्या:**

- कथन 1 और 2 सही हैं। बटुकेश्वर दत्त HSRA के सदस्य थे और उन्होंने 1929 में भगत सिंह के साथ सेंट्रल असेंबली बम कांड को अंजाम दिया था।
- कथन 3 गलत है। उन्हें असेंबली बम कांड के लिए आजीवन कारावास की सजा मिली थी। बाद में उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भी भाग लिया था।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **जन्म:** 1910, बंगाल।
- **उद्देश्य:** बम फेंकने का उद्देश्य किसी को मारना नहीं, बल्कि "बहरों को सुनाना" (To make the deaf hear) था।

CIVIL SERVICES

Q. भारत और रूस ने हाल ही में 'भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ (EAEU) मुक्त व्यापार समझौते' के लिए कदमों की समीक्षा की है। EAEU के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) यह एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संघ है जिसकी स्थापना 2014 में हुई थी।

(b) इसका उद्देश्य वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी और श्रम की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करना है।

(c) चीन और उज्बेकिस्तान इसके संस्थापक सदस्य देश हैं।

(d) आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और रूस इसके सदस्य हैं।

[c]

**व्याख्या:** कथन (c) सही नहीं है। यूरेशियन आर्थिक संघ (EAEU) के सदस्य देश रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और आर्मेनिया हैं। चीन और उज्बेकिस्तान इसके सदस्य नहीं हैं।

- **संदर्भ:** भारत और रूस ने मास्को में 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस मुक्त व्यापार समझौते (FTA) की समीक्षा की है ।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **स्थापना:** यूरेशियन आर्थिक संघ संधि (2014) द्वारा, जो 1 जनवरी 2015 से प्रभावी हुई।
- **मुख्यालय (आयोग):** मास्को, रूस।

Q. हाल ही में 72 देशों द्वारा हस्ताक्षरित 'हनोई कन्वेंशन' (Hanoi Convention) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

(a) दक्षिण चीन सागर में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देना।

(b) साइबर अपराध के विरुद्ध जांच और अभियोजन के लिए प्रथम सार्वभौमिक ढांचा स्थापित करना।

(c) प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए वैश्विक संधि।

(d) आसियान देशों के बीच मुक्त व्यापार को सुगम बनाना।

UTKARSH CLASSES

[b]

**व्याख्या:** हनोई (वियतनाम) में 72 देशों ने 'साइबर अपराध के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन' पर हस्ताक्षर किए हैं।

- **महत्व:** यह साइबर अपराधों (जैसे इंटरनेट पर बाल शोषण सामग्री, गैर-सहमति वाली अंतरंग तस्वीरें, और रैंसमवेयर) से निपटने, जांच और अभियोजन के लिए प्रथम सार्वभौमिक और कानूनी रूप से बाध्यकारी ढांचा है ।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **आवश्यकता:** साइबर अपराध सीमा रहित होते हैं, इसलिए एक वैश्विक कानूनी ढांचे की आवश्यकता थी ताकि देशों के बीच सहयोग और प्रत्यर्पण आसान हो सके।

Q. हाल ही में अमेरिका के कैलिफोर्निया से प्रक्षेपित 'सेंटिनल-6बी' (Sentinel-6B) उपग्रह का मुख्य मिशन क्या है?

(a) मंगल ग्रह के वातावरण में मीथेन की खोज करना।

(b) सूर्य की बाहरी परत (कोरोना) का अध्ययन करना।

(c) समुद्र के बढ़ते जल स्तर और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सटीक मापन करना।

(d) पृथ्वी के निकट आने वाले क्षुद्रग्रहों की निगरानी करना।

[c]

**व्याख्या:** सेंटिनल-6बी एक महासागर-ट्रैकिंग उपग्रह है, जिसे वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस (कैलिफोर्निया) से लॉन्च किया गया।

- **सहयोग:** यह नासा (NASA), NOAA (अमेरिका), यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA), और EUMETSAT का एक संयुक्त मिशन है।
- **कार्य:** यह समुद्र के स्तर में वृद्धि के दीर्घकालिक रिकॉर्ड को जारी रखेगा, जो जलवायु परिवर्तन को समझने के लिए महत्वपूर्ण है ।

**अतिरिक्त जानकारी (Additional Information)**

- **प्रक्षेपण वाहन:** इसे स्पेसएक्स (SpaceX) के फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा कक्षा में स्थापित किया गया।
- **महत्व:** यह तटीय क्षेत्रों में बाढ़ के जोखिम और मौसम की भविष्यवाणी में सुधार करने में मदद करेगा।